आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 04.09.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में पुलिस मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त रखने के दिये निर्देश।
- रुद्रप्रयाग जिले के लिये 28 करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया।
- राज्यपाल ने देहरादून में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉपर्स और विभिन्न संस्थानों के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दीं।
- बागेश्वर के शामा में उत्पादित कीवी की 20 कुंतल की पहली खेप उत्तर–प्रदेश के गोरखपुर मंडी भेजी गयी।

औचक निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में पुलिस मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने पर जोर देते हुये श्री धामी ने कहा कि देवभूमि के मूलस्वरूप को किसी भी हालत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि महिला अपराध, बेहतर कानून व्यवस्था, और त्वरित पुलिस कार्रवाई के साथ ही धर्मांतरण और लव जेहाद जैसे प्रकरणों मे तेजी से कार्रवाई को लेकर पुलिस अधिकारियों से चर्चा की गयी। श्री धामी ने बताया कि बैठक में यातायात सुदृढीकरण पर विचार विमर्श किया गया और सीमावर्ती इलाकों में पुलिस को और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में नागरिकों का सत्यापन अभियान चलाया जायेगा, जिस पर पुलिस और गृह विभाग संयुक्त रुप से काम करेगा।

लोकार्पण

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने आज रुद्रप्रयाग जिले के लिये 28 करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सतपाल महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए यात्रा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। इससे चारधाम यात्रा, नंदा राजजात और कांवड़ यात्रा का बेहतर ढंग से संचालन किया जा सकेगा। इससे पहले कैबिनेट मंत्री ने जिले के गुलाबराय में स्थित जिम कार्बेट संग्रहालय का लोकार्पण भी किया।

17वीं कृषि विज्ञान कांग्रेस

ऊधमसिंह नगर में अगले साल 20 फरवरी से तीन दिवसीय 17वीं कृषि विज्ञान कांग्रेस और एक्सपो का आयोजन किया जायेगा। उत्तराखंड में यह आयोजन पहली बार किया जा रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक ने आज आनलाइन माध्यम से 17वीं कृषि विज्ञान कांग्रेस की लोगो, वेबसाइट और ब्राउज़र को लांच किया। कृषि का महाकुंभ कहे जाने वाला यह आयोजन 'विकसित भारत के लिए कृषि में अग्रणी विज्ञान और प्रौद्योगिकियाँ" विषय पर केंद्रित होगा। कृषि विज्ञान कांग्रेस का मकसद दुनियाभर के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, छात्रों, किसानों और उद्यमियों को कृषि–खाद्य प्रणालियों के सभी पहलुओं पर अपने शोध निष्कर्षों, विचारों व अनुभवों का आदान–प्रदान करने का संयुक्त मंच प्रदान करना है। कृषि प्रदर्शनी में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों, कृषि–उद्योगों, एजेंसियों और गैर–सरकारी संगठनों की नवीन कृषि तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा।
गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय पंतनगर के कुलपति डॉ मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि इसमें देश–विदेश के दो से ढाई हजार प्रतिनिधियों के आने की संभावना हैं।

## कार्यशाला

टिहरी जिले में ग्राम पंचायत अधिकारियों और कर्मचारियों को सरकार के विभिन्न ई–पोर्टल पर कार्य करने का प्रशिक्षण देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ई–ग्राम स्वराज, सीआरएस पोर्टल, ई–डिस्ट्रिक्ट वेबसाइट और जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आशा, एएनएम समेत सभी फील्ड वर्करों के साथ भी इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी मुस्तफा खान ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच सामंजस्य बनाना और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

## "पथ प्रदर्शक" कार्यक्रम

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज राजभवन में आयोजित "पथ प्रदर्शक" कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉपर्स और विभिन्न संस्थानों में अध्ययनरत मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान की। "पथ प्रदर्शक" कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की प्रतिभाओं को संवारना, निखारना व उन्हें प्रेरित कर आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि अमृतकाल में देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी हमारे युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि राज्य मे शिक्षा के इच्छुक ऐसे बच्चों को प्रोत्साहित किया जा रहा है जो किसी कारणवश पढ़ नहीं पाते। इस दौरान राज्यपाल ने प्रदेश के विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं की उनके निःस्वार्थ भाव और जनहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## कीवी उत्पादन

प्रदेश के किसानो को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने और उनकी आर्थिकी मजबूत करने की दिशा में शासन – प्रशासन स्तर पर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बागेश्वर में जिलाधिकारी अनुराधा पाल व मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने शामा में उत्पादित कीवी की पहली खेप को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहली खेप में 20 कुंतल कीवी गोरखपुर मंडी भेजी गयी। इससे लगभग 5 लाख से अधिक का लाभ होने का अनुमान है। जिलाधिकारी ने कहा कि बागेश्वर जिले ने कीवी उत्पादन में अपनी अलग पहचान बनाई है। इसके लिए सरकार द्वारा विभागीय योजना के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और योजना का लाभ लेकर किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। उद्यान अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि कीवी आउटलेट की सफलता से कीवि उत्पादक प्रगतिशील किसान बेहद उत्साहित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले में 80 लाख से अधिक का कीवी कारोबार हो रहा है जिसके इस साल 15 प्रतिशत तक बढने की उम्मीद है।

## मौसम

उत्तराखंड में अगले तीन दिनों तक मानसून सक्रिय रहेगा। इस दौरान राज्य के अधिकांश जिलो में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना हैं। वही राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों मे इस अवधि में भारी बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया हैं। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने अगले तीन दिनो के लिये राज्य के मौसम के पूर्वानुमान के संबध में जानकारी दी।

## संबोधन

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि भारत की सबसे बड़ी ताकत इसके युवा हैं। नई दिल्ली में संस्थागत विकास योजना पर एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए, श्री प्रधान ने कहा कि भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों को एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने की आवश्यकता है जहां केवल डिग्री बांटने के बजाय योग्यता को प्राथमिकता दी जाती है।

ओडीएफ प्लस

स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत बागेश्वर जिले की सभी ग्राम पंचायतों को खुले में शौच मुक्त ओडीएफ प्लस घोषित किया गया है। स्वजल परियोजना के सामुदायिक विकास विशेषज्ञ गिरिजा शंकर भट्ट ने बताया कि जिले में 402 ग्राम पंचायते हैं। बागेश्वर, कपकोट और गरुड़ विकास खंड के सभी ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस् घोषित किया गया है। पिछले साल जिले की 99 ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस घोषित किया गया था। उन्होंने बताया के भारत सरकार के स्वच्छता मिशन ग्रामीण के दूसरे चरण में शौच मुक्त पंचायतों को ओडीएफ प्लस गांव घोषित किया गया है।

हरित हाइड्रोजन

हरित हाइड्रोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का दूसरा संस्करण नई दिल्ली में 11 से 13 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य हरित हाइड्रोजन परिदृश्य के बारे में वैश्विक वैज्ञानिक समुदायों और उद्योगों के साथ संबंध को बढ़ावा देना है।